| प्रेस नोट—221 / 2026 |
| --- |
| दिनांक 23.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की बस्ती इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 23.04.2026 को **भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की बस्ती इकाई** द्वारा श्री वसीउल्लाह निवासी ग्राम फरेन्दा पोस्ट करहिया गोसाई थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक श्री राम अशीष यादव के नेतृत्व में तहसील इटवा जनपद सिद्धार्थनगर से **अरविन्द कुमार प्रभाकर (राजस्व लेखपाल/आशुलिपिक उपजिलाधिकारी कार्यालय इटवा जनपद सिद्धार्थनगर)** पुत्र राम केवल प्रसाद निवासी ग्राम भगवानपुर चौबे पोस्ट बलियवा जनपद देवरिया, हालपता राप्तीनगर फेज-4 थाना गुलहरिया जनपद गोरखपुर को **05 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

| |
|---|
| प्रेस नोट–222/2026 |
| दिनांक 23.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद बस्ती/थाना छावनी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **01 डिजायर कार बरामद**

दिनांक 22.04.2026 को थाना छावनी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रामरेखा मंदिर पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त प्रिंस को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, 01 डिजायर कार बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना छवानी पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना छावनी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रिंस निवासी गनेशपुर बिसौरा थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या।

**बरामदगी**

1–नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

2–01 डिजायर कार।

## जनपद सहारनपुर/थाना सरसावा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 10 कुन्तल 22 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्ट बरामद**

दिनांक 23.04.2026 को थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नकुड़ रोड, हाईवे पुल के पास से अभियुक्त हरवीर को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 10 कुन्तल 22 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्ट बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सरसावा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरवीर निवासी ग्राम शेखपुरा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 10 कुन्तल 22 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्ट।

## जनपद सुलतानपुर/थाना कोतवाली नगर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी/धोखाधड़ी के 24 हजार 400 रूपये नगद**
- **09 एटीएम कार्ड**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 23.04.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सौरमऊ बाईपास सर्विस लेन के नीचे रोड के किनारे से 03 अभियुक्तों 1–मो0आकिब 2–मो0सारिफ 3–मो0फरहान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी/धोखाधड़ी के 24 हजार 400 रूपये नगद, 09 एटीएम कार्ड, चोरी की 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध जनपद सुलतानपुर के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया आदि चोरी/धोखाधड़ी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—मो0आकिब निवासी खम्मपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

2—मो0सारिफ निवासी पांडरीजबर थाना कन्हई जनपद प्रतापगढ़।

3—मो0फरहान निवासी खम्मपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी/धोखाधड़ी के 24 हजार 400 रूपये नगद।

2—09 एटीएम कार्ड।

3—चोरी की 01 मोटर साइकिल आदि।

## <u>जनपद देवरिया/थाना सलेमपुर</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **29.96 ग्राम अवैध स्मैक**
- **अवैध स्मैक बिक्री के 07 लाख 23 हजार 390 रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 22.04.2026 को थाना सलेमपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वार्ड नं0—5 हरैया लाला के पास से 02 अभियुक्तों 1—कृष्णा 2—अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को बाल संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 29.96 ग्राम अवैध स्मैक, अवैध स्मैक बिक्री के 07 लाख 23 हजार 390 रूपये नगद आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—कृष्णा निवासी वार्ड नं0—5 हरैया लाला थाना सलेमपुर जनपद देवरिया।

2—अभियुक्ता।

**<u>बरामदगी</u>**

1–29.96 ग्राम अवैध स्मैक।

2–अवैध स्मैक बिक्री के 07 लाख 23 हजार 390 रूपये नगद आदि।

- **<u>जनपद बांदा/थाना बबेरू (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 43–43 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बांदा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बांदा द्वारा थाना बबेरू पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/201/394/411 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–देवेश 2–अभियुक्ता को आजीवन कारावास व 43–43 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद एटा/थाना नयागांव (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 80 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद एटा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद एटा द्वारा थाना नयागांव पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त सुमित उर्फ तूतिया को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 80 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हमीरपुर/थाना कुरारा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 16 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कुरारा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 377/506 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त संजय कुमार को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 16 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

-----